दिन– रविवार दिनांक– 04 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय जल आयोग ने राज्य में बागमती नदी पर दो और महानंदा नदी पर एक बराज के निर्माण की मंजूरी दी।

02. कृषि विभाग एग्री स्टैक परियोजना के अन्तर्गत छह से नौ जनवरी तक किसानों के निबंधन के लिए विशेष अभियान चलायेगा।

03. चुनाव आयोग ने ई.सी.आई–नेट एप में सुधार के लिए मांगे लोगों से सुझाव। दस जनवरी तक दे सकते हैं अपनी सलाह।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। मौसम विभाग ने आज भी अधिकांश जिलों के लिए शीत दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

केन्द्रीय जल आयोग ने राज्य में बागमती नदी पर दो और महानंदा नदी पर एक बराज के निर्माण की मंजूरी दे दी है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि इन योजनाओं के लिए केन्द्र सरकार ने ग्यारह हजार पांच सौ करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता दी है। श्री चौधरी ने कहा कि इन नदियों का पानी वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। बराजों के निर्माण से नदियों के पानी को जमा कर सिंचाई और अन्य कार्यों में उपयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महानंदा नदी पर बराज बन जाने के बाद किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिले के बड़े हिस्से को बाढ़ से भी मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही बागमती नदी पर बनने वाले बराज से सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और खगड़िया जिले में सिंचाई की सुविधा होगी।

———————————————————————

राज्य के किसानों के निबंधन के लिए छह से नौ जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि एग्री स्टैक परियोजना के अन्तर्गत किसानों का निबंधन कराया जा रहा है। इसमें भूमि संबंधी विवरण को आधार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि निबंधन के बाद किसानों को कृषि विभाग की केन्द्रीय और राज्यस्तरीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में पीएम किसान योजना के अन्तर्गत पचहत्तर लाख से अधिक किसान निबंधित हैं। कृषि मंत्री ने बताया है कि लघु और सीमांत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों के सहज उपलब्धता के लिए प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग केन्द्र की स्थापना की जा रही है। इससे किसान कम किराये पर कृषि यंत्र ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि

अब तक नौ सौ पचास केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में मखाना, शहद और फल प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए किसानों को अनुदान दिया जायेगा।

———————————————————————

राज्य में भूमि से संबंधित जाली दस्तावेज देने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उप मुख्यमंत्री सह भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जमीन के फर्जी कागजातों को जमा करने वालों पर अंचलाधिकारी प्राथमिकी दर्ज करायेंगे। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में सभी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देश दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि आम जनता से मिले आवेदनों का त्वरित और समयबद्ध निष्पादन करे।

———————————————————————

मुफ्त दवा आपूर्ति व्यवस्था में बिहार लगातार देशभर में पहले स्थान पर बना हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि केन्द्र सरकार के ड्रग्स एंड वैक्सिन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम, डीवीडीएमएस पोर्टल पर पिछले ग्यारह महीनों से बिहार ने अपनी रैंकिंग बरकरार रखी है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के चौदह हजार तीन सौ सैंतीस स्वास्थ्य संस्थानों को इस सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे आपूर्ति श्रृखंला पूरी तरह पारदर्शी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बीपी, शुगर जैसे रोगों के मरीजों को महीने भर की दवा एक साथ दी जा रही है। वहीं, एक सौ अस्सी औषधि वाहन भी लगातार मरीजों की सेवा कर रहे हैं।

———————————————————————

प्रदेश के सभी जिले में स्कूल बसों की जांच की जायेगी। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि इन बसों में सीसीटीवी कैमरा लगाना होगा। साथ ही फुटेज को साठ दिनों तक सुरक्षित भी रखना होगा। आदेश में कहा गया है कि ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले दंडित चालक स्कूल बसों का परिचालन नहीं करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि सभी स्कूल वाहन को सुरक्षा उपकरण और जीपीएस सिस्टम से लैस रखना होगा।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रगति में 4–जी और 5–जी नेटवर्क, सेमीकंडक्टर चिप तथा दूरसंचार उपकरणों में बड़ी उन्नति

शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी और श्रीकांत शंकर जोशी की स्मृति में आयोजित पंच परिवर्तन कार्यक्रम में यह बात कही।

———बाईट———

हमारे राष्ट्र के मूल भावना मूल विचार वह सब इसके पीछे, चाहे वंदे भारत देखिए, चाहे जो राकेट जा रहा ऊपर ओ देखिए, चाहे 4जी, 5जी का टेलीकॉम नेटवर्क देखिए और चाहे हिन्दुस्तान में सेमी कंडक्टर चिप जो बन रही है, सब स्वदेशी से प्रेरित है। अगर हम देखते 99 परसेंट मोबाइल फोन पार्ट्स आते थे, आज 99 परसेंट हिन्दुस्तान में बनते हैं।

————————————————————————————

चुनाव आयोग ने ई.सी.आई—नेट एप में सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। इस एप पर जवाब दस जनवरी तक दे सकते हैं। आयोग ने मतदाताओं को बेहतर सेवाएं और चुनाव संबंधी जानकारी देने के लिए इस डिजिटल मंच को बनाया है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

आयोग के अनुसार ऐप का परीक्षण संस्करण बेहतर मतदाता सेवाएं, मतदान प्रतिशत रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के बहत्तर घंटों के भीतर सूचकांक कार्डों का प्रकाशन करता है। इस एप का बिहार विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। आयोग ने कहा कि लोगों से प्राप्त सुझावों की जांच की जाएगी और उपयोगकर्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए उन्हें इसमें शामिल किया जाएगा। ई.सी.आई—नेट प्लेटफॉर्म को इस महीने के अंत में आधिकारिक रूप से शुरू किया जाएगा।

————————————————————————————

भारत की विकास यात्रा में वर्ष दो हजार पच्चीस एक निर्णायक कालखंड था। इस वर्ष देश की प्रगति में कई नीतियों का उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम चर्चा कर रहे हैं— जब विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो हजार पच्चीस में एक आदर्श नेता के रूप में देखा। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तरी, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, आज सुबह प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर घने कोहरे का असर देखा जा रहा है। जबकि शहरी आवासीय क्षेत्रों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया हुआ है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट होने की

संभावना है। विभाग ने आज भी अधिकांश जिलों के लिए शीत दिवस की चेतावनी जारी की है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---------------------------------------

घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। वहीं, पटना हवाई अड्डे से दो उड़ाने रद्द रही जबकि उन्नीस उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया। वहीं, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया है।

---------------------------------------

कड़ाके की ठंड को देखते हुए पटना और खगड़िया जिला प्रशासन ने आठ जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा आठ तक पठन–पाठन कार्य को बंद करने का आदेश दिया है। वहीं, शिवहर और अररिया जिला प्रशासन ने छह जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग आठ तक की कक्षाएं स्थगित रखने का आदेश दिया है।

---------------------------------------

मद्य, निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने राज्य के सभी निबंधन कार्यालयों को चालू महीने में रविवार समेत अन्य छुट्टियों के दिन भी खुला रखने का निर्देश दिया है। विभाग के अनुसार अवकाश के दिन भी दस्तावेजों का निबंधन किया जायेगा।

---------------------------------------

भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, रेरा ने निबंधित परियोजना और बिल्डरों की नई रैंकिंग जारी की है। रेरा के अनुसार पांचवीं रैंकिंग की रिपोर्ट पन्द्रह नवम्बर तक मिले आंकड़ों के आधार पर तैयार की गयी है। रेरा के बिहार अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि परियोजनाओं और बिल्डरों की रैंकिंग का विवरण विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

---------------------------------------

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार इक्कीस जनवरी से शुरू होगा। आयोग के अनुसार सफल पांच हजार चार सौ उनचास अभ्यर्थियों को अलग–अलग तिथियों पर बुलाया जायेगा।

————————————————————————————

पटना एम्स के पूर्व निदेशक डॉक्टर प्रोफेसर गोपाल कृष्ण पाल और उनके पुत्र ओरो प्रकाश पाल पर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एक स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता गोरखपुर की अदालत में परिवाद दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने बक्सर जिले में विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्तरों पर त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकिनगर गंडक नारायणी तट बेलवा घाट पर पौष पूर्णिमा के अवसर पर एक सौ पचासवीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान की ओर से किया गया।

————————————————————————————

अररिया के जिला उद्योग भवन सभागार में पोक्सो एक्ट और बाल संरक्षण विषय पर जिला स्तरीय विमर्श–सह–समन्वय बैठक आयोजित की गई। यूनिसेफ के कानूनी विशेषज्ञ अजय कुमार ने पोक्सों एक्ट से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, कानूनी प्रक्रियाओं एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी।

————————————————————————————

सुपौल जिले में भूतपूर्व रेल मंत्री स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र की बावनवीं पुण्य तिथि उनके जन्म स्थान बलुआ बाजार स्थित समाधि स्थल पर राजकीय समारोह के रूप में मनायी गई। इस अवसर पर सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामैत, प्रभारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार दौरे पर आये सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत के बयान पर लिखा है– न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक के उपयोग से बढ़ेगी पारदर्शिता।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– मुख्यमंत्री का निर्देश, वरिष्ठ नागरिकों को घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

प्रभात खबर ने वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी हमले पर लिखा है– वेनेजुएला पर अमेरिका का कब्जा, राष्ट्रपति मादुरो को हथकड़ी से बांधा, पत्नी सिलिया भी गिरफ्तार। न्यूयार्क में चलेगा मुकदमा।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – गांवों की जमीन महंगी होगी, सर्किल रेट बढ़ेगा।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय जल आयोग ने राज्य में बागमती नदी पर दो और महानंदा नदी पर एक बराज के निर्माण की मंजूरी दी।

02. कृषि विभाग एग्री स्टैक परियोजना के अन्तर्गत छह से नौ जनवरी तक किसानों के निबंधन के लिए विशेष अभियान चलायेगा।

03. चुनाव आयोग ने ई.सी.आई–नेट एप में सुधार के लिए मांगे लोगों से सुझाव। दस जनवरी तक दे सकते हैं अपनी सलाह।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। मौसम विभाग ने आज भी अधिकांश जिलों के लिए शीत दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।